दिन–गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे और पांचवें चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र में जदयू उम्मीदवार चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों से एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में सीपीआई उम्मीदवार अवधेश राय के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में एनडीए सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्‌दों पर कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत एनडीए के सभी नेता मुद्‌दों की बात करने से बचते हैं। श्री यादव ने मुंगेर लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत बाढ़ में पार्टी प्रत्याशी कुमारी अनिता के पक्ष में भी चुनावी सभा को संबोधित किया।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज, सीवान और महाराजगंज में नामांकन वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद नवासी उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के लिए पच्चीस मई को मतदान होना है।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से आज रामकृपाल यादव ने अपना पर्चा दाखिल किया। वहीं, काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय पवन सिंह ने भी नामजदगी का पर्चा भरा। इन लोकसभा क्षेत्रों के लिए चौदह मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं।

नामांकन पत्रों की जांच पन्द्रह मई को होगी जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि सत्रह मई निर्धारित है। इस चरण के लिए एक जून को मतदान होना है।

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर कल पुनर्मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने इन दोनों केन्द्रों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया था। गौरतलब है कि सात मई को तीसरे चरण के मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों ने दोनों पोलिंग बूथ पर हुए हंगामे के बाद ईवीएम को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रंजन प्रसाद यादव आज राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गए। पटना में राजद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी।

शिक्षा विभाग ने कहा है कि मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों का ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन उसी विद्यालय में लिया जायेगा, जहां से वे पास हुये हैं। विशेष परिस्थिति में कोई विद्यार्थी दूसरे विद्यालय में नामांकन लेना चाहता है तो जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित विद्यालय स्थानांतरण प्रमाण पत्र के आधार पर स्पॉट एडमिशन के दौरान उनका नामांकन किया जा सकेगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है।

चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान मुजफ्फरपुर में सबसे अधिक छियासठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। वहीं, पूर्वी चम्पारण जिले के ललबगिया घाट में तिरेसठ मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पूर्व हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत बुजुर्ग स्थित एक आम के बागीचे से पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे दस अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक कारबाईन, एक देसी पिस्तौल, दो मैगजीन, नौ कारतूस, ग्यारह मोबाईल फोन और छह मोटरसाईकिल बरामद किये गये हैं। वहीं, जिले साहेबपुर कमाल थाना

क्षेत्र अन्तर्गत सनहा ढ़ाला के पास पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत जिनहरा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार भाई—बहन की मौत हो गयी।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।